# बिश्नोई गैंग के नाम पर 5 करोड़ की मांगी फिरौती

## तीन अलग-अलग नंबरों से आए थे व्हाट्सएप कॉल, जान से मारने की धमकी

**दहशत फैलाने की कोशिश की**

**इंटरनेट कॉलिंग के जरिए संपर्क किया**




**इंदौर, 13 फरवरी. किशनगंज थाना क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यापारी को कुख्यात गैंग के नाम पर 5 करोड़ रुपये की फिरौती के लिए धमकाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. बदमाशों ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर दहशत फैलाने की कोशिश की.**

तीन अलग-अलग मोबाइल नंबरों से व्हाट्सएप कॉल कर रकम न देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई. जानकारी के मुताबिक किशनगंज क्षेत्र में रहने वाले व्यापारी को अज्ञात बदमाशों ने इंटरनेट कॉलिंग के जरिए संपर्क किया. कॉल करने वालों ने खुद को बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताते हुए सीधे 5 करोड़ रुपये की मांग रखी और कहा कि रकम नहीं देने पर जान-माल को नुकसान पहुंचाया जाएगा.

घबराए व्यापारी ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और बाद में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. मामले की गंभीरता को देखते हुए देहात पुलिस ने साइबर सेल को जांच में लगाया है. जिन तीन मोबाइल नंबरों से कॉल किए गए, उनकी कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाली जा रही है. पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि कॉल भारत से की गई हैं या वर्चुअल नंबरों के जरिए विदेश से डराने की कोशिश की जा रही है.

> जांच में यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं यह किसी स्थानीय बदमाश गिरोह की साजिश तो नहीं, जो बड़े नाम का इस्तेमाल कर व्यापारी को डराने का प्रयास कर रहा हो. पुलिस यह भी देख रही है कि जिन नंबरों से कॉल आए हैं, वे किन लोगों के नाम पर रजिस्टर्ड हैं और क्या उनके लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल हुआ है. सुरक्षा को देखते हुए पीड़ित व्यापारी और उसके परिवार की निगरानी बढ़ा दी गई है. एसपी देहात यांगचेन भूटिया का कहना है कि साइबर सेल की टीमें लगातार नंबरों को ट्रेस कर रही हैं और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा. फिलहाल किसी ठोस आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन हर एंगल से जांच तेज कर दी गई है.

# गौरक्षा को लेकर किया उग्र प्रदर्शन



**ग्वालियर, 13 फरवरी. विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने हिंदू समाज के साथ मिलकर आज शुक्रवार दोपहर नगर निगम कार्यालय लाल बिल्डिंग पर गौरक्षा को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।**

संगठन के नेताओं ने कहा कि विगत दिनों सेवानगर कसाई मौहल्ले में गौकशी की सूचना बजरंग दल को पता चली जिस पर कार्यकर्ता घटना स्थल पर पहुँचे जहाँ गौवंश की हड्डियों का ढेर दिखा जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई। गौकशी में लिप्त दोषियों पर म.प्र. गौवंश हत्या अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही हुई है। संगठन ने कहा कि बजरंग दल व हिन्दू समाज की सम्पूर्ण आस्था का केन्द्र गौमाता है, गौकशी से हिन्दू जनमानस की भावनाएँ आहत हुई है, हिन्दू समाज में इसको लेकर रोष व्याप्त है। सेवानगर में चलाए जा रहे बूचड़खाने को भी अतिशीघ्र बंद किया जाए एवं हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ न किया जाए, दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो। इन सभी मांगो को लेकर बजरंग दल उग्र आन्दोलन करेगा। आंदोलन में मुख्य रूप से विभाग सयोजक हरि सेंगर, विभाग मंत्री पप्पू राठौर मौजूद थे।

# विद्यार्थी पढ़ाई करें, सरकार हर संभव मदद करेगी

**खण्डवा, 13 फरवरी. प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह शुक्रवार को माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित छात्रोत्सव कार्यक्रम 'पंख' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.**



कार्यक्रम में खण्डवा की महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तन्वे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार जैन सहित प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं. इस अवसर पर मंत्री डॉ. शाह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास कर रही है. उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई पर पूर्ण ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरकार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी.

**स्वच्छ पेयजल की सुविधा**

उन्होंने घोषणा की कि कन्या महाविद्यालय में दो वाटर कूलर लगाए जाएंगे, ताकि छात्राओं को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सके. साथ ही छात्राओं के कॉलेज आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने और महाविद्यालय परिसर में शेड निर्माण कराने की भी घोषणा की गई, जिससे सांस्कृतिक एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी. मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि खण्डवा के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे.

## मुख्यमंत्री की विशाल जनसभा का केंद्र बनेगा पंधाना विधानसभा क्षेत्र

**खंडवा.** पंधाना विधानसभा क्षेत्र आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशाल जनसभा का केंद्र बनेगा, जहां 600 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा होगी. शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य, शहरी और ग्रामीण अधोसंरचना में बड़े सुधारों की रूपरेखा तैयार है. मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 1.25 करोड़ बहनों के खातों में 1500-1500 रुपये की 'खुशियों की किश्त' का भुगतान करेंगे, जिसमें खंडवा की 2 लाख से अधिक बहनें शामिल हैं. किसानों के लिए 301.41 करोड़ रुपये की भाम राजगढ़ सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया जाएगा.

# भाजपा ने नाम ही नहीं बदला, मनरेगा रूपी हक भी छीना

**सैलाना, 13 फरवरी. कांग्रेस द्वारा जनहित में लागू की गई योजनाओं को भाजपा बदलाव के नाम पर हटाकर ग्रामीण किसान और मजदूर वर्ग के साथ छलावा कर रही है. कांग्रेस की ओर से 2006 में स्वर्गीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा लागू महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से हर जॉबकार्डधारी को 100 दिन का काम एवं हक प्रदान किया गया था.**



साथ ही सूचना, शिक्षा, वनाधिकार और भूमि अधिग्रहण के अधिकार भी दिए गए थे. लेकिन भाजपा सरकार ने इन जनहित योजनाओं को धीरे-धीरे खत्म कर दिया और अमेरिका से किए जा रहे करार किसानों को आर्थिक संकट की ओर धकेल रहे हैं. यह बातें तेलंगाना प्रभारी व पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत सैलाना तहसील की करिया ग्राम पंचायत के नयाखड़ गांव में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में कही. उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल योजना का नाम बदला नहीं बल्कि मनरेगा रूपी हक भी छीना है.

> कार्यक्रम में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने कहा कि भाजपा लगातार मुद्दों से भटकाने का काम करती आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा में 100 दिन की मजदूरी को बढ़ाकर 125 दिन करने के नाम पर महात्मा गांधी का नाम योजना से हटाया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में सक्रिय जॉबकार्डधारियों को पिछले वर्षों में केवल 24 दिन का काम मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि योजना में बदलाव के दौरान भगवान श्री राम के नाम का इस्तेमाल न्यायसंगत नहीं है.

## एक नजर में

### 10वीं की बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ



**इंदौर.** माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई. शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही विद्यार्थियों और अभिभावकों की हलचल देखने को मिली. निर्धारित समय से पहले ही छात्र-छात्राएं केंद्रों पर पहुंच गए थे. पहले दिन का पेपर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. परीक्षा हाल से बाहर निकलते ही विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी. अधिकांश छात्रों ने बताया कि प्रश्नपत्र संतुलित और सिलेबस के अनुसार था. कई विद्यार्थियों ने कहा कि उनकी तैयारी के अनुरूप ही प्रश्न आए, जिससे आत्मविश्वास बढ़ा है. अभिभावक भी केंद्रों के बाहर अपने बच्चों का इंतजार करते नजर आए. पेपर समाप्त होते ही विद्यार्थियों ने मुस्कुराते हुए अपने अनुभव साझा किए.

### कांग्रेस की बैठक में संगठन पर जोर



**रीवा.** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई. बैठक में पंचायत एवं वार्ड स्तर पर कमेटियों के शीघ्र गठन पर विस्तृत चर्चा की गई. सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया. अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कमेटियों के गठन में समन्वय समिति के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है. उन्हें ब्लॉक एवं मंडलम अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर सक्रिय योगदान देना होगा. उन्होंने बताया कि जिला कार्यकारिणी में अब 51 पदाधिकारी रहेंगे तथा 25 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा. बैठक में बिजली कटौती सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर शीघ्र जनआंदोलन छेड़ने की आवश्यकता जताई गई. पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल ने सभी मुद्दों पर सामूहिक राय लेने की बात कही. सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने संगठनात्मक अनुशासन को सर्वोपरि बताते हुए मनमानी को अस्वीकार्य बताया. महापौर अजय मिश्रा बाबा ने अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता जताई.

### ट्रक में पीछे से घुसी कार, दो युवकों की मौत

**जबलपुर.** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम बहदन में शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा उस वक्त हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुस गई थी. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कठौंदा माढ़ोताल निवासी यशवंत पटेल उर्फ साहिल, अपने साथियों अभिनव पटेल, हर्ष पटेल, सौरभ पटेल और नमन तिवारी के साथ स्विफ्ट कार एमपी 20 सीके 9390 में सवार होकर भेड़ाघाट रिसोर्ट में एक शादी समारोह से लौट रहे थे. कार यशवंत चला रहा था. रात करीब 3:30 बजे जैसे ही उनकी कार हाईवे रोड पर जेसीबी कंपनी के सामने पहुँची, उनके आगे चल रहे ट्रक एमपी 20 एचबी 1394 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अचानक ब्रेक मार दिए.

## एसईसीएल कर्मियों के दावे पर लो उचित निर्णय

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने एसईसीएल के छह कर्मचारियों के मामले को गंभीरता से लिया. न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है वह आवेदको की ओर से दिये जाने वाले नये प्रतिवेदन पर 60 दिनों के भीतर उचित निर्णय ले. यह मामला धनपुरी शहडोल के याचिकाकर्ताओं राजनीश कांत खरे, राकेश कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार गौतम, शरद गुप्ता, राजेश कुमार चंद्रवंशी और नीरज कच्छ की ओर से दायर किया गया था. जिसमें उन्होंने अपनी सेवा संबंधी गोपनीय रिपोर्ट में अवांछनीय ग्रेडिंग को चुनौती दी थी और वर्ष 2023-24 की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट के पुनर्मूल्यांकन कर पदोन्नति की मांग की है.

# घूसखोर पंडत, विवाद : 20 को होंगे परिवादी के बयान

**नीरज पाण्डेय-नेटफ्लिक्स के विरुद्ध आपराधिक मानहानि का मामला**



जबलपुर. घूसखोर पंडत फिल्म निर्माता नीरज पांडे और ओटीटी पर प्रसारण अधिकार प्राप्त नेटफ्लिक्स के यूएसए स्थित प्रमुख कंटेंट हेड और भारत में वितरक के विरुद्ध दायर अपराधिक मामले में शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पंकज सविता की अदालत में सुनवाई हुई. अदालत ने परिवारी के बयान दर्ज करने के लिये मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को निर्धारित की है. उल्लेखनीय है कि फिल्म पटकथा लेखक, कलाकार व ज्योतिषी पंडित वैभव पाठक ने आगामी फिल्म घूसखोर पंडत के शीर्षक को ब्राह्मण समुदाय के लिए अभद्र, अपमानजनक एवं सामूहिक कलंक करार देते हुए निर्माता-निर्देशक नीरज पांडे व अमेरिका स्थित प्रसारण व डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों के विरुद्ध उक्त आपराधिक मानहानि का परिवाद दायर किया है.

# महामंडलेश्वर की बिगड़ी तबीयत, आश्रम में हड़कंप

## कथा अधूरी छोड़ी, शिष्य ने संभाली कमान

नव भारत न्यूज

**जबलपुर. यौन शोषण के गंभीर आरोपों में फंसे महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी का शुक्रवार को अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया. हालत इतनी खराब रही कि वह अपने कक्ष से बाहर तक नहीं निकल सके.**



इसके चलते तय समय पर भागवत कथा शुरू नहीं हो सकी और बाद में उनके शिष्य को कमान संभालते हुए कथा करनी पड़ी. भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के हीरापुर स्थित आश्रम में उत्तम स्वामी की नौ फरवरी से 15 फरवरी तक भागवत कथा चल रही है. करीब 10 एकड़ में फैले इसी आश्रम परिसर में शुक्रवार दोपहर उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई. दोपहर दो बजे कथा शुरू होनी थी, लेकिन स्वामी बाहर नहीं आए काफी देर इंतजार के बाद साढ़े तीन बजे कथा की शुरुआत हुई, जिसे उनके शिष्य ने श्रद्धालुओं के बीच संपन्न कराया. आश्रम से जुड़े लोगों के मुताबिक अस्वस्थता के चलते उत्तम स्वामी पूरे समय अपने कमरे में ही रहे. यह पूरी घटना अखबारों में प्रकाशित हुई खबर के बाद होना बताया जा रहा है. वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर सभी तथ्यों की पड़ताल की जा रही है और पीड़िता की सुरक्षा को लेकर भी संबंधित स्तर पर कार्रवाई की जा रही है. उल्लेखनीय है कि राजस्थान निवासी एक युवती ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी पर यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं. युवती ने 12 फरवरी को दिल्ली पुलिस को ई-मेल भेजकर अपनी सुरक्षा की मांग की थी.

# आयोजनों में व्यवस्थाएं रहें चाक-चौबंद

**ग्वालियर, 13 फरवरी. जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने धार्मिक आयोजनों एवं त्योहारों के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं.**



मुरार सर्किट हाउस में जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर अधिक भीड़ एकत्रित होने की संभावना हो, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं. बैठक में विधायक मोहन सिंह राठौर, आईजी अरविंद कुमार सक्सेना, डीआईजी अमित सांघी, कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. प्रभारी मंत्री ने डबरा स्थित नवग्रह शक्ति पीठ पर हाल में हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित किया जाए. आयोजन स्थलों पर कंट्रोल रूम स्थापित कर वरिष्ठ अधिकारी निरंतर मॉनिटरिंग करें. उन्होंने फायर सेफ्टी, पार्किंग, आपदा प्रबंधन, प्रसादी वितरण और मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए. साथ ही चिकित्सा दल और चिकित्सकों की तैनाती अनिवार्य करने को कहा. कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि डबरा में कंट्रोल रूम बनाकर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है और आयोजनकर्ताओं से समन्वय स्थापित किया गया है.

## पंच परिवर्तन से समाज बदलेगा : इंदापुरकर

**ग्वालियर.** समाज परिवर्तन केवल कहने से नहीं, बल्कि पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वबोध, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य को अपनाकर ही संभव है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुरकर ने विनय नगर सेक्टर-4 स्थित जीपीएस स्कूल में आयोजित गरगज नगर की प्रमुख जन गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में कही। संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लश्कर जिला संघचालक सुनील पाठक ने की, जबकि गरगज नगर संघचालक मानसिंह जादौन भी मंचासीन रहे।

# इंदौर में सोया प्लांट कर्मचारी ने किया 1 करोड़ का गबन

**इंदौर. शहर में आर्थिक अपराध के दो बड़े मामले सामने आए हैं. जूनी इंदौर पुलिस ने एक निजी कंपनी के कर्मचारी को एक करोड़ रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है, वहीं तिलक नगर में एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर लाखों रुपये की ऑनलाइन शॉपिंग की गई है.**

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रेम नगर निवासी सुरेश पाहुजा की कंपनी में बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है. कंपनी में वित्तीय लेन-देन संभालने वाले कर्मचारी पवन कुमार यादव निवासी प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश ने पद का दुरुपयोग करते हुए खातों में हेरफेर किया और करीब 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का गबन कर लिया. एसीपी विजय चौधरी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर 3 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है. पुलिस यह पता लगा रही है कि गबन की गई भारी-भरकम राशि कहाँ निवेश की गई या किन बैंक खातों में छिपाई गई है. इस मामले में अन्य सहयोगियों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है. तिलक नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है. अनिल जाट नामक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड का अज्ञात बदमाशों ने दुरुपयोग किया.

**गौकथा** महाराजजी के प्रवचनों से क्षेत्र में गौसेवा की भावना निश्चित रूप से सुदृढ़ होगी : उप मुख्यमंत्री

# धरती का चलता-फिरता कल्पवृक्ष है गौमाता : राजेंद्र दास



**रीवा, 13 फरवरी. बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में रेवासा धाम एवं वृंदावन धाम के सानिध्य में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज द्वारा आयोजित गौकथा एवं गौ-आधारित प्राकृतिक खेती विषयक दिव्य कथा का द्वितीय दिवस भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ.**

> उन्होंने गौ संरक्षण और गौ-आधारित प्राकृतिक खेती को सतत एवं सात्विक समाधान बताया. महाराज ने बताया कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 9 हजार से अधिक गौवंश संरक्षित हैं, वहीं रीवा जिले के हिनौती गौधाम में 25 हजार गौसंरक्षण का कार्य चल रहा है. आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा वातावरण भक्ति व आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा.

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि महाराज के प्रवचनों से क्षेत्र में गौसेवा की भावना सुदृढ़ होगी और गौमाता के आशीर्वाद से क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक व आर्थिक रूप से समृद्ध होगा. देश के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने भी कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया.

कथा में महाराज श्री ने कहा कि समाज की वर्तमान दुर्दशा का मूल कारण गौवंश की उपेक्षा है. गौसेवा को सच्ची समृद्धि का आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि गौमाता धरती का चलता-फिरता कल्पवृक्ष है, जिसकी सेवा से बुद्धि निर्मल होती है और जीवन में सुख-शांति आती है.

# 27 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी

**5 के खिलाफ केस दर्ज**



**रतलाम, 13 फरवरी. जिले के नामली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक 27 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम शिवम पिता कन्हैयालाल राठौड़ (27), निवासी सेमलिया रोड, नामली बताया जा रहा है.**

युवक का शव सुबह रेलवे ब्रिज के पास मिला. सूचना पर ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला, थाना प्रभारी गायत्री सोनी एवं एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल मौके पर पहुंचे. पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा गया. मृतक के छोटे भाई प्रदीप राठौड़ के अनुसार बुधवार सुबह करीब 10 बजे दो-तीन लोग शिवम को घर से बुलाने आए थे और वह उनके साथ बाइक से चला गया था. प्रदीप ने बताया कि वह दोपहर में महू-नीमच रोड स्थित अनाज मंडी के पास अपने गोदाम गया, लेकिन शिवम वहां नहीं मिला. व्यापारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मृतक एक दिन से लापता था. पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर नामली थाने पहुंचे और बाहर रखकर प्रदर्शन किया. पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर 5 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.